# आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

**दिनांक : 08.08.2025** **समय : 07.10 pm**

**मुख्य समाचार :–**

- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लाभार्थियों के लिए सब्सिडी जारी रखने को दी स्वीकृति।
- मुख्यमंत्री ने रायसेन के तामोट में विभिन्न इकाईयों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया।
- हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रदेश भर में हो रहे कार्यक्रमों का आयोजन।
  और
- भाई, बहन के त्यौहार रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति ने दी देशवासियों को बधाई।

**अब समाचार विस्तार से:–**

## मंत्रिमंडल – निर्णय

प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आज हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये । मंत्रिमंडल के निर्णयो की जानकारी देते हुए केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सरकार ने 12 हजार करोड रूपये से अधिक की अनुमानित लागत से वर्ष 2025.26 के लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के उपभोक्ताओं के लिए सब्सिडी जारी रखने को स्वीकृति दे दी है।

उन्होंने बताया कि इस योजना से दस करोड 33 लाख से अधिक परिवारों को लाभ हुआ है। सरकार 14 किलो 200 ग्राम के रसोई गैस सिलेंडर पर 300 रूपये तक की सब्सिडी देगी। सरकार ने आईओसीएलए बीपीसीएल और एचपीसीएल सहित सार्वजनिक क्षेत्र की तीन तेल विपणन कंपनियों के लिए तीस हजार करोड रूपये की क्षतिपूर्ति राशि भी मंजूर की है। श्री वैष्णव ने कहा कि यह सब्सिडी वर्ष में नौ बार तक सिलेंडर भरवाने पर मिलेगी। इसके अतिरिक्त असम और त्रिपुरा के लिए विशेष विकास पैकेज की मौजूदा केंद्रीय क्षेत्र योजना के तहत 4 नए घटकों को स्वीकृति दी गई।

मुख्यमंत्री–रायसेन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज औद्योगिक क्षेत्र तामोट, जिला रायसेन में आयोजित उद्योगपतियों से संवाद कार्यक्रम में विभिन्न इकाइयों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया एवं उद्यमियों को भूमि आवंटन के लिए आशय पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने तामोट

में आयोजित समारोह में कहा कि मध्यप्रदेश में मेट्रो ट्रेन के कोच भी निर्मित होंगे, जिन्हें स्थानीय जरूरतों के साथ अन्य राज्यों में भी भेजा जाएगा।

कार्यक्रम में ₹600 करोड़ के निवेश और लगभग 1,800 रोजगार सृजित करने वाली औद्योगिक इकाइयों के भूमिपूजन, लोकार्पण एवं आशय पत्र वितरण किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि “उद्योग हमारे लिए मंदिर और देवालय के समान हैं।” उन्होंने बताया कि 10 अगस्त को रायसेन में रेल कोच निर्माण कारखाने का भूमिपूजन तथा 25 अगस्त को धार में टेक्सटाइल उद्योग के लिए पीएम मित्र पार्क का भूमि-पूजन होगा, जिससे एक लाख से अधिक युवाओं को रोजगार मिलेगा।

**मुख्यमंत्री -** बाढ़ प्रभावित

मुख्यमंत्री डॉं यादव ने बाढ़ प्रभावित लोगों को मानवीय सहायता प्रदान की बात कही - उन्होने कहा कि अभी फसल के नुकसान का सर्वे चल रहा है, सर्वे पूरा होने पर फसल के नुकसान की राशि भी दी जाएगी। उन्होंने कहा इससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और खेती में होने वाले नुकसान की भरपाई भी होगी। इसके साथ ही राज्य के जिन किसानों को फसल नुकसान मुआवजे की जरूरत है, उन्हें आवेदन के लिए अपने गांव के ई-ग्राम केंद्र से साक्ष्य के साथ डिजिटल गुजरात पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

**संपदा 2.0** पुरस्कार

मध्य प्रदेश को संपदा 2.0 सॉफ्टवेयर के लिए ‘राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस स्वर्ण पुरस्कार’ मिला है इस अभिनव पहल को वर्ष 2025 का ‘राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार’ में ‘स्वर्ण’ श्रेणी का सम्मान प्राप्त हुआ है। भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग द्वारा यह पुरस्कार "डिजिटल परिवर्तन के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग द्वारा सरकारी प्रक्रिया का पुनर्रचना" श्रेणी में प्रदान किया जा रहा है।

**'हर घर तिरंगा' अभियान**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों से 'हर घर तिरंगा' अभियान 2025 में पूरे उत्साह, गर्व और देशभक्ति की भावना के साथ बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। यह अभियान 2 अगस्त से शुरू हुआ है जो 15 अगस्त 2025 तक चलेगा। यह देश की स्वतंत्रता और एकता का एक राष्ट्रव्यापी उत्सव है, जो हमारे गौरवशाली राष्ट्रीय ध्वज, तिरंगे की भावना से ओत-प्रोत है। **केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल परिसर में आज राष्ट्रीय सेवा**

**योजना इकाई द्वारा हर घर तिरंगा ,हर घर स्वच्छता अभियान अंतर्गत राखी निर्माण एवम नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।** इस अवसर सतना में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस की मौजूदगी में तिरंगा यात्रा निकाली गई और छात्राओं ने उन्हें राखी बांधकर स्वच्छता की शपथ दिलवाई। देवास, नीमच और रतलाम सहित अन्य जिलों में भी तिरंगा रैली, रंगोली, पोस्टर मेकिंग, सफाई अभियान, जल संरक्षण जागरूकता और प्लास्टिक मुक्त गांव बनाने जैसी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

राष्ट्रपति रक्षाबंधन पर्व

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा है कि रक्षाबंधन भाईयों और बहनों के बीच के अनोखे बंधन का एक त्योहार है। यह त्योहार भाई-बहन के बीच परस्पर विश्वास और प्रेम को सशक्त बनाता है। राज्यपाल मंगू भाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन पर्व पर प्रदेशवासियों से स्वदेशी वस्तुएं अपनाने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री ने भी नर्मदा वाटिका, उज्जैन में आयोजित 'रक्षाबंधन पर्व' में सहभागिता की।

**राष्ट्रीय सम्मान**

संस्कृति विभाग ने वर्ष 2024 और 2025 के लिए आठ प्रमुख राष्ट्रीय सम्मानों की घोषणा की है। इसमें फिल्म, संगीत, तकनीक, हिंदी साहित्य और सामाजिक सेवा से जुड़ी विभूतियों और संस्थाओं को चयनित किया गया है। सम्मानित किए जाने वाली इन हस्तियों मे, जिसमें प्रसून जोशी, संजय लीला भंसाली, सोनू निगम सहित अन्य नाम शामिल हैं। इन्हें यह सम्मान राज्य की ओर से देश और विदेश में कला, भाषा और समाज के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए दिया जाएगा।

**मौसम**

प्रदेश में पिछले एक हफ्ते से बारिश की गतिविधियां थम गई हैं। राजधानी भोपाल समेत अधिकांश जिलों में पानी नहीं गिरा। इससे गर्मी का असर बढ़ गया है। कल 10 से ज्यादा जिलों में दिन का तापमान 34 डिग्री के पार पहुंच गया। प्रदेश में अब तक प्रदेश में 28.7 इंच बारिश हो चुकी है। मौसम विभाग के अनुसार, अगस्त के दूसरे सप्ताह में तेज बारिश का दौर शुरू होगा, जो आखिरी तक चलता रहेगा।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दीनदयाल अंत्योदय योजना -राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन) के लाभार्थियों के साथ रक्षाबंधन का त्योहार मनाया।
- जबलपुर में दमोह नाका से मदन महल तक बने मध्यप्रदेश के सबसे बड़े फ्लाई ओवर ब्रिज, एलिवेटेड कॉरिडोर का लोकार्पण 23 अगस्त को केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे।
- नदियों के संरक्षण और प्रवाह को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पंचायत, ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने नर्मदापुरम जिले की जनपद पंचायत सोहागपुर क्षेत्र की तीन प्रमुख नदियों के उद्गम स्थलों का दौरा कर वहां की स्थितियों का जायजा लिया।
- अशोकनगर में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शासकीय बालक छात्रावास पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जनजाति विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।
- झाबुआ में सामाजिक न्याय विभाग द्वारा नशामुक्ति भारत अभियान के तहत शासकीय कन्या हाईस्कूल बुनियादी, जनजागरूकता कार्यक्रम हुआ।
- पी.एम.श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय कचनारिया में कक्षा 11वीं वर्तमान सत्र 2025-26 में मानविकी (आर्टस) में 12 रिक्त स्थान पर आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 अगस्त 2025 है।
- रीवा में आज वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान" के अंतर्गत एक वित्तीय समावेशन शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत सगरा में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के तत्वाधान में किया गया।
- श्योपुर जिले के 34 बाढ़ प्रभावित परिवारों को अंतरित की गई 63 लाख से अधिक की राशि।
- गुना कलेक्टर-एसपी ने स्वतंत्रता दिवस तैयारियों का लिया जायजा। एलईडी के माध्यम से सजीव प्रसारित होगा मुख्यमंत्री संदेश।
- रतलाम में कलेक्टर के निर्देश पर नाप-तौल विभाग ने शहर में स्थित मावा-मिठाई और नमकीन निर्माता के उपकरणों और पैकेज बंद वस्तुओं का निरीक्षण किया गया।
- भोपाल-रीवा के बीच आज से रक्षाबंधन स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। यह ट्रेन की शाम को भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से रवाना होगी।

----------------